# BABA MASTNATH UNIVERSITY

## ASTHAL BOHAR, ROHTAK

**Public Relations Office**

Name of the Publication ........HARI BHOOMI........

Date ..19/11/2025.......... Page ........10........ Column .....01.........

Subject ....शिक्षा की गुणवत्ता पर समझौता करना विवि की नीति नहीं : महंत बालकनाथ

# शिक्षा की गुणवत्ता पर समझौता करना विवि की नीति नहीं : महंत बालकनाथ

रोहतक। मस्तनाथ विवि के शिक्षण स्टाफ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी, बैठक में विभिन्न विभागों के डीन, एचओडी और वरिष्ठ मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शिक्षण स्टाफ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने की। बैठक में सभी डीन, एचओडी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। महंत बालक नाथ ने आगामी परीक्षाओं, विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और चल रही नैक (एनएएसी) तैयारी की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि विश्वविद्यालय को निरंतर प्रगति की ओर ले जाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण कार्य हो रहा है, और इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही संस्था की असली पहचान है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या कमी मिलती है बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## छात्रों की समस्याओं का करें समाधान

महंत बालक नाथ ने यह भी निर्देश दिया कि छात्रों से जुड़ी समस्याओं का समाधान तुरंत और प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि किसी भी विद्यार्थी को अपने विभाग या संकाय में कमी महसूस न हो। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता पर समझौता करना विश्वविद्यालय की नीति का हिस्सा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नैक (एनएएसी) मूल्यांकन केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपनी कार्यसंस्कृति और गुणवत्ता का वास्तविक आकलन है। इसलिए हर विभाग को समयबद्ध और सटीक तरीके से तैयारी करनी चाहिए। बैठक में कुलपति डॉ. बी.एन. यादव ने विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों और सुधारों की जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार, डीन एकेडमिक डॉ. कपिल नवीन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कुलाधिपति के निर्देशों का पालन करने और विश्वविद्यालय को निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।